# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार,**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या के श्रीराम कथा पार्क में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत अयोध्या मंडल के एक हजार एक सौ अड़तालीस युवा उद्यमियों को सैंतालीस करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्‌घाटन और अवलोकन भी किया। अयोध्या मंडल से आए युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने की यह योजना आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने उद्यमिता, रोजगार और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिये सभी बाधाओं को दूर किया है।

***बिगत आठ वर्ष में वे सभी बैरियर हटाये गए जो उत्तर प्रदेश के विकास में बाँधा थे। उन सबको एक एक करके हटाया गया आज उत्तर प्रदेश का युवा नौकरी प्राप्त कर रहा है स्वतः रोजगार के साथ जुड़ रहा है उत्तर प्रदेश में निवास आ रहे है विकास के बड़े बड़े कार्य हो रहे है और विकास और विरासत को जोड़ करके नये भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने अनादाता किसानों के लिए अपनी मातृ शक्ति के स्वावलंबन के लिये योवाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिये पूरी प्रतिवधता के साथ कार्य कर रहा है।***

अयोध्या दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने साहित्यिक उत्सव– टाइमलेस अयोध्या का उद्‌घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल एक शहर नहीं बल्कि धर्म और साहित्य की प्रेरणा स्थली है। यह हमेशा से साहित्य और संस्कृति का केन्द्र रही है।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या में एक शीतल पेय बॉटलिंग प्लांट का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल आस्था ही नहीं आजीविका का भी आधार बन रही है। उन्होंने प्लांट में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सरकार भी सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित कर रही है। इसी कड़ी में अयोध्या को देश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने से पहले मुख्यमंत्री ने अयोध्या में हनुमानगढ़ी मंदिर में और रामलला का दर्शन–पूजन भी किया।

**********

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने दुष्कर्म के प्रयास के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। संसद के बाहर मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इससे गलत मानसिकता को बढ़ावा मिलेगा।

***निर्णय से बिल्कुल सहमत नहीं हूं और जो निर्णय है माननीय उच्चतम न्यायालय को भी इस पर गंभीरता से संज्ञान में लेना चाहिए और ये सभ्य समाज में इसकी कोई जगह नहीं है और कहीं न कहीं समाज के अंदर ये गलत प्रभाव पड़ेगा।***

इससे पहले, न्यायाधीश राम मनोहर नारायण मिश्रा ने दुष्कर्म से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए टिप्पणी की थी, जिसके कारण लोगों में नाराजगी देखी गई।

**********

शाहगंज से चलने वाली बलिया–शाहगंज पैसेंजर ट्रेन अट्ठाइस मार्च तक निरस्त कर दी गई है। मऊ–शाहगंज रेल खंड पर खोरासन रोड–सरायमीर–फरिहा के मध्य नॉन इंटरलाकिंग कार्य के चलते यह फैसला लिया गया है। यह जानकारी वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी।

**********

आगामी तीस मार्च से बारह अप्रैल तक देश भर में गांव गांव रामोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता गांव के किसी मंदिर में इकट्ठा होकर भजन, सोहर और बधाई गीतों का हिस्सा बनेंगे। यह जानकारी परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह ने दी।

**********

प्रसिद्ध शहनाई वादक भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान की एक सौ नौवीं जयंती पर वाराणसी जिले के उनके पैतृक निवास दरगाह फातिमा पर आज उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उनके कब्र पर फातिहा पढ़ने के बाद उन्हें पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम संयोजक शकील अहमद जादूगर ने बताया आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ सोलह में बिहार राज्य के डुमरांव में जन्म लेने वाले बिस्मिल्लाह खान ने अपनी शहनाई के माध्यम से पूरी दुनिया में भाईचारे का संदेश दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी आज एक सोशल मीडिया संदेश के माध्यम स्वर्गीय बिस्मिल्लाह खान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********

आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है 'वन और भोजन'। इस अवसर पर अमरोहा समेत प्रदेश के कई जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को मानव जीवन में वनों के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आज और कल पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में अंचल में कहीं कहीं वज्रपात और झोंकेदार हवा चलने की भी संभावना है। वहीं, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज से, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेईस मार्च से मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

**********